# इंग्लैंड की लॉर्ड्स टेस्ट में वापसी, फिर भी आयरलैंड के पास इतिहास रचने का मौका

## इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच चल रहे एतिहासिक लॉर्ड टेस्ट में इंग्लैंड ने वापसी कर 181 रन की लीड ले ली है.

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**नई दिल्ली.** इंग्लैंड और आयरलैंड (England vs Ireland) के बीच हो रहा पहले टेस्ट मैच में रोमांच कायम है. पहले दिन के पहले ही सत्र में केवल 85 रन पर ही सिमटने वाली इंग्लैंड की टीम ने दूसरी पारी में दमदार वापसी की है. लॉर्ड्स में चल रहे दोनों देशों के बीच इतिहास का पहला टेस्ट मैच चार दिन का होना है. इस मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड ने शानदार वापसी की और पहली पारी में 122 रन से पिछड़ने के बाद दिन का खेल खत्म होने तक जैक लीच और जेसन रॉय (Jason Roy) 9 विकेट पर 303 रन बना लिए. इस तरह से इंग्लैंड ने यह मैच एकतरफा होने से बचा लिया.

जेसन राय और जैक लीच ने संभाली पारी

पहले दिन इंग्लैंड को पहले सत्र में आउट करने के बाद आयरलैंड की पारी 207 रन पर आउट हो गई थी. उसके बाद इंग्लैंड ने एक ओवर भी खेला था और कोई विकेट नहीं गंवाया था. दूसरे दिन का खेल शुरू होने के बाद इंग्लैंड को फिर झटका लगा और ओपनर रोरी बर्न्स केवल 6 रन बनाकर बॉयड रैंकिन के शिकार बने. इसके बाद जेसन रॉय और नाइटवाचमैन जैक लीच के बीच 145 रन की साझेदारी से इंग्लैंड की स्थिति में कुछ सुधार आया. रॉय ने अपने पहली टेस्ट पारी में 72 रन बनाए और स्टुअर्ट थॉमसन की गेंद पर बोल्ड हो गए. इसके बाद लीच 92 रन बनाकर अपने शतक से चूक गए. उन्हें टिम मुर्ताघ ने आउट किया.

फिर लगी विकेटों की झड़ी

लीच के आउट होने के बाद एक बार फिर इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गई. और एक समय इंग्लैंड ने केवल 111 रन पर छह विकेट गंवा दिए, जो डेनली (10), जॉनी बेयरस्टो (0), मोईन अली (9), और क्रिस वोक्स (13) सस्ते में आउट हो गए. कप्तान जो रूट भी ज्यादा देर नहीं टिक सके और 31 रन बनाकर आउट हो गए. वहीं सैम करेन ने भी 37 रन का योगदान दिया और थॉमसन के शिकार बने. आखिरी में खराब रोशनी की वजह से खेल को जल्दी रोकना पड़ा.

आयरलैंड को पास इतिहास रचने का मौका

आयरलैंड के लिए मार्क अदैर ने तीन, बॉयड रैंकिन, स्टुअर्ट थॉमसन ने दो-दो और टीम मुर्ताघ ने एक विकेट लिया. फिलहाल इंग्लैंड को 181 रन की बढ़त हासिल है. क्रीज पर स्टुअर्ट ब्रॉड 21 रन और ओली स्टोन बिना खाता खोले मौजूद हैं. अब खेल का नतीजा पूरी तरह से आयरलैंड की बैटिंग पर निर्भर करेगा. आयरलैंड के पास इस समय इतिहास रचने का मौका है.

# युवराज सिंह की रिटायरमेंट के बाद की पहली पारी, आउट न होकर भी लौट गए पैवेलियन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**नई दिल्ली.** टीम इंडिया (Team India) के धाकड़ खब्बू बल्लेबाज रहे युवराज सिंह (Yuvraj Singh) काफी समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे थे. आईपीएल में पिछले तीन साल निराशाजनक गुजारने के बाद युवराज ने अंततः इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया. इसके साथ ही युवराज ने बीसीसीआई से विदेशी क्रिकेट लीग मैच खेलने की अनुमति भी मांगी थी. युवराज के फैंस को उम्मीद की युवी की वापसी धमाकेदार होगी, लेकिन गुरुवार को उन्हें निराश होना पड़ा. ग्लोबल टी-20 कनाडा लीग के अपने पहले ही मैच में युवराज बड़ी पारी नहीं खेल सके और आउट न होने पर भी पवेलियन लौट गए.

युवराज की टीम की हार, गेल की टीम जीती

इस मैच में युवराज ग्लोबल टी-20 कनाडा लीग में टोरेंटो नेशनल्स की ओर से खेल रहे थे. पहला मुकाबला क्रिस गेल की टीम वैंकोवर नाइट्स से था. युवराज की टीम टोरेंटो नेशनल पहले बैटिंग कर रही थी. नेशनल्स ने पहली पारी में 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए. इसके जवाब में वैंकोवर नाइट्स की टीम ने निर्धारित लक्ष्य केवल 18वें ओवर में दो विकेट खोकर ही हासिल कर लिया. नाइट्स की ओर से रासी वेनडर डुसैन ने 65 और चैडविक वॉलट्न ने 59 रनों की नाबाद पारी खेली. क्रिस गेल केवल 12 रन बना सके. यूं 'आउट' हुए युवराज

टोरेंटो नेशनल्स की ओर से ओपनर ब्रैंडन मैक्कलम दूसरे ही ओवर में एक चौका लगाकर फेहलुकवायो की गेंद पर आउट हो गए. इसके बाद 50 रन बनने के बाद कलुम मैकलीड (17) को जफर ने आउट कर दिया. उसके बाद रोड्रिगो थॉमस 41 रन बनाकर आउट हो गए. यहां युवराज के पास अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका था, लेकिन वे लय में नजर नहीं आए और आखिर कार युवराज ने शुरुआत में तो संभल कर खेलने की कोशिश की उन्हें 26 गेंद पर 14 रन बना भी लिए थे, लेकिन उन्हें रिजवान चीमा रिजवान चीमा की गेंद पर वे बीट हुए विकेट कीपर से कैच छूटकर गेंद पहले उसके शरीर पर लगी और स्टंप लगी. विकेट कीपर ने यहां स्टंप की अपील की लेकिन युवराज निर्णय से पहले ही पवेलियन लौट गए.नेशनल टोरेंटो की ओर से हेनरी क्लासेन ने 41 और कीरोन पोलार्ड ने 30 रन की पारी खेली. वैंकोवर नाइट्स की ओर से अली खान, एंडियो फेहलुकवायो, माइकल रिपन, साद बिन जफर और रिजवान चीमा ने एक-एक विकेट लिया. अब युवराज की टीम टोरेंटो नेशनल्स का अगला मुकाबला शनिवार 27 जुलाई को एडमंटन रॉयल्स से होगा.

# धोनी के सेना के साथ समय बिताने का फैसला: गंभीर-कपिल ने ऐसे की तारीफ

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली. टीम इंडिया (Team India) के विश्व कप में सेमीफाइनल की हार के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी (MS Dhoni) ने उम्मीद के खिलाफ संन्यास की घोषणा नहीं की. इसके साथ ही खुद को विंडीज दौरे के लिए अनुपलब्ध भी बता दिया. बाद में साफ हुआ की धोनी दो महीने सेना के साथ बिताना चाहते हैं. उन्हें सेनी की मंजूरी मिल भी गई. धोनी के सेना के साथ समय बिताने के फैसले की विश्व विजेता कप्तान कपिल देव और पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने तारीफ की है उन्होंने कहा है कि धोनी का यह फैसला देश के कई युवाओं को प्रेरित करेगा.

पहले गंभीर को था शक

पूर्व क्रिकेटर और अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद गौतम गंभीर को शायद धोनी से यह उम्मीद नहीं थी कि धोनी सेना को लेकर इतने गंभीर होंगे. पहले कई बार यह कह चुके हैं कि धोनी को सेना की वर्दी तभी पहननी चाहिए जब वह सेना के लिए कुछ करें, लेकिन अब गंभीर ने धोनी के सेना के साथ समय बिताने के कदम को ऐतिहासिक बताया है. नई दिल्लीः टीम इंडिया (Team India) के विश्व कप में सेमीफाइनल की हार के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी (MS Dhoni) ने उम्मीद के खिलाफ संन्यास की घोषणा नहीं की. इसके साथ ही खुद को विंडीज दौरे के लिए अनुपलब्ध भी बता दिया. बाद में साफ हुआ की धोनी दो महीने सेना के साथ बिताना चाहते हैं. उन्हें सेनी की मंजूरी मिल भी गई. धोनी के सेना के साथ समय बिताने के फैसले की विश्व विजेता कप्तान कपिल देव और पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने तारीफ की है उन्होंने कहा है कि धोनी का यह फैसला देश के कई युवाओं को प्रेरित करेगा.

पहले गंभीर को था शक

पूर्व क्रिकेटर और अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद गौतम गंभीर को शायद धोनी से यह उम्मीद नहीं थी कि धोनी सेना को लेकर इतने गंभीर होंगे. पहले कई बार यह कह चुके हैं कि धोनी को सेना की वर्दी तभी पहननी चाहिए जब वह सेना के लिए कुछ करें, लेकिन अब गंभीर ने धोनी के सेना के साथ समय बिताने के कदम को ऐतिहासिक बताया है.

क्या कहा गंभीर ने फिर

गंभीर ने एक समाचार चैनल पर करगिल युद्ध के 20 साल पूरे होने पर आयोजित किए गए शिखर सम्मेलन के दौरान कहा, धोनी का यह कदम कमाल का है. मैंने पहले कई बार कहा है कि धोनी को सेना की वर्दी तभी पहननी चाहिए, जब वो सेना के लिए कुछ करें और अब धोनी ने सेना के साथ समय बिताने का फैसला किया है. इससे पता चलता है कि वह सेना के प्रति कितने समर्पित और गंभीर हैं.

# रणजी में सिलेक्शन के नाम पर हो रही है धोखाधड़ी, खिलाड़ियों से ठगे इतने रुपये

## रणजी ट्रॉफी के नाम पर युवा क्रिकेटरों से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. कोच रवि दलाल और हरीश जमाल को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**नई दिल्ली.** रणजी ट्रॉफी और अन्य टूर्नामेंटों में चयन के नाम पर युवा क्रिकेटरों से धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं. गुरुवार को पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रिकेटरों से धोखाधड़ी के मामले में दो कोचों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस की जानकारी के मुताबिक क्राइम ब्रांच ने पीतमपुरा में फ्रेंड्स एकेडमी में आरोपी कोच रवि दलाल और उसके साथी हरीश जमाल को गिरफ्तार किया है. यह दोनों एक स्कूल में पार्ट टाइम कोच है.

खिलाड़ी कनिष्क गौर और शिवम के साथ हुई धोखाधड़ी

जांच के दौरान पाया कि दो युवा खिलाड़ी कनिष्क गौर और शिवम के साथ धोखाधड़ी की गई है. रवि दलाल ने कनिष्क गौर से 11 लाख रुपये लेकर उसे गेस्ट प्लेयर के तौर पर खिलाने का वादा किया था. इसके अलावा इन कोचों ने शिवम से भी चार लाख रुपये लिए थे. कोच रवि दलाल ने पैसे खिलाड़ियों से लेकर हरीश जमाल को दे दिये.

बीसीसीआई के अधिकारी ने दी जानकारी

पुलिस के अधिकारी ने कहा कि बीसीसीआई में इंटीग्रिटी मैनेजर अंशुमान उपाध्याय ने दिल्ली पुलिस को जानकारी दी थी. अंशुमान ने अधिकारी को बताया कि कुछ लोग युवा खिलाड़ियों से रणजी टीम में जगह दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे हैं.

दिल्ली पुलिस और क्राइम ब्रांच ने शुरू की कारवाई

दिल्ली पुलिस और क्राइम ब्रांच ने इस धोखाधड़ी मामले पर कारवाई शुरू कर दी है. रवि दलाल और हरीश जमाल पर पुलिस धारा 420, 467, 468 और 120बी के तहत कारवाई कर रही है.

इस सीजन घरेलू क्रिकेट में होंगे 2036 मैच

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2019-20 सीजन में पुरुष व महिला टीमों के कुल 2036 खेले जाएंगे. घरेलू क्रिकेट सीजन की शुरुआत इस साल अगस्त में दलीप ट्रॉफी के साथ होगी. दलीप ट्रॉफी 17 अगस्त से शुरू होगी और यह आठ सितंबर तक चलेगी. दलीप ट्रॉफी के बाद 24 अगस्त से 25 अक्टूबर तक विजय हजारे ट्रॉफी (वनडे) के कुल 160 मैच खेले जाएंगे. इसके बाद 31 अक्टूबर से चार नवंबर तक देवधर ट्रॉफी (वनडे) के चार मैच होंगे. वहीं, सैयद मुश्ताक अली (टी20) मैच भी खेले जाएंगे जो कि आठ नवंबर से शुरू होकर एक दिसंबर तक चलेंगे. इसमें कुल 142 मैच होंगे.